# ग्रामीण प्रगति संस्थान

ग्राम–पलिया पश्चिम, पोस्ट–रजखेता (जगदीशपुर) जनपद–अमेठी (उ0प्र0)

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

## वर्ष 2025–26

**संस्था का परिचय–**

ग्रामीण प्रगति संस्थान, ग्राम पलिया पश्चिम, पो0–रजखेता (जगदीशपुर) जिला अमेठी संमिति पंजीकरण अधिनियम 21, 1860, आयकर अधिनियम 1961 की धारा 12 ए व 80जी विदेशी अंशदान (नियमन) अधिनियम, दिव्यांगजन अधिनियम 1995 तथा राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत पंजीकृत एक स्वैक्छिक गैर सरकारी और गैर लाभकारी सामाजिक संस्था है। संस्था दिव्यांगजनों के कल्याण व पुर्नवास सम्बन्धी गतिविधियों विशेष रूप से सक्रिय है।

ग्रामीण प्रगति संस्थान विगत 38 वर्षों से जनपद अमेठी के ग्रांमीण समुदाय के वंचित वर्ग विशेषकर युवाओं, महिलाओं, बच्चों, किसानों तथा दिव्यांग एवं वृद्धजनों के कल्याण विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा व स्वास्थ्य जागरूकता के लिए काम कर रही है।

### संस्था का विजन

वंचित समुदाय को संगठित कर सशक्त व समावेशी समाज की स्थापना

### संस्था का मिशन

ग्रामीण समुदाय के युवाओं, महिलाओं, बच्चों तथा दिव्यांगजनों को शिक्षा स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों से जोड़कर समेकित विकास को बढ़ावा देना।

### संस्थान के प्रमुख उद्देश्य

- युवाओं, महिलाओं, बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना तथा सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना।
- समुदाय के वंचित वर्ग के बच्चों को विद्यालयीय शिक्षा से जोड़ना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना।
- समुदाय को संगठित कर विभिन्न स्थायी आजीविका के अवसरों जैसे आधुनिक कृषि उद्यमिता विकास से जोड़ना।
- सभी प्रकार के दिव्यांगजनों को समुदाय में उनका सम्मान दिलाने तथा पुनर्वास के लिए कार्य करना।

### संस्था की गतिविधियों का क्षेत्र

1. आटिज्म, सी0पी0, बौद्धिक एवं मिश्रित दिव्यांगजनों के कल्याण, पुनर्वास एवं आवासीय देखभाल
2. महिला एवं बाल स्वास्थ्य
3. शिक्षा (विद्यालयी एवं तकनीकी शिक्षा) हेतु जागरूकता
4. आजीविका एवं रोजगार सृजन
5. आधुनिक कृषि एवं ज़लवायु परिवर्तन
6. वृद्धजन कल्याण एवं आवासीय देखभाल

Gramin Pragati Sansthan
Secretary
Distt.-Amethi

## वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान संस्था द्वारा कार्यक्रमों का संचालन किया गया–

### 1. मानसिक दिव्यांगजनों हेतु घरौंदा कार्यक्रम–

उद्देश्य–
मानसिक दिव्यांगजनों को सुरक्षित आवास, देखभाल, पुनर्वास एवं आत्मनिर्भर जीवन के लिए तैयार करना।

प्रमुख गतिविधिया–

- 20 लाभार्थियों के लिए आवासीय सुविधा।
- फिजियोथैरेपी एवं योग।
- दैनिक जीवन कौशल प्रशिक्षण।
- पोष्टिक भोजन एवं स्वास्थ परीक्षण।
- व्यवसायिक एवं रोजगारोन्मुख गतिविधियां।
- मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियां।
- अभिभावक परामर्श।

उपलब्धियां–

- लाभार्थियों की कार्यक्षमता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि।
- सामाजिक समायोजन एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा।

### 2. संस्था द्वारा दिव्यांगजनों हेतु संचालित प्रमुख गतिविधियां–

- घरौंदा केन्द्र का संचालन
- दिव्यांगजनों का आवासीय देखभाल एवं पुनर्वास
- फिजियोथैरेपी एवं परामर्श सेवाएं
- कौशल विकास एवं दैनिक जीवन कौशल प्रशिक्षण
- मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियां
- अभिभावक एवं समुदाय जागरूकता कार्यक्रम
- स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ना
- दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग
- यू0डी0.आई0डी0 कार्ड हेतु सहायता
- दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन
- विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना

Gramin Pragati Sansthan
Secretary
Distt.-Amethi

गतिविधियों का विवरण–

| क्र0 | कार्यक्रम | अवधि | किये गये कार्य | लाभार्थी संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | घरौंदा कार्यक्रम | 01.04.2025 से 31.03.2026 | 1. आवासीय देखभाल एवं पुनर्वास के कार्य<br>2. फिजियोथैरेपी एवं परामर्श<br>3. कौशल विकास एवं दैनिक जीवन कौशल<br>4. मनोरंजन एवं सांस्कृतिक गतिविधियां | सी0पी0–01<br>आई0डी0–19<br>**कुल– 20** |
| 2 | दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग | 01.04.2025 से 31.03.2026 | आनलाइन आवेदन करना, असेसमेंट दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी कराने में पैरवी करना | सी0पी0–12<br>आई0डी0–22<br>एच0आई0–06<br>एल0डी0–07<br>वी0आई0–04<br>एम0डी0–12<br>**कुल– 63** |
| 3 | दिव्यांग पेंशन दिलाने में सहयोग | 01.04.2025 से 31.03.2026 | आनलाइन आवेदन करना, पेंशन जारी कराने हेतु पैरवी करना | सी0पी0–03<br>आई0डी0–08<br>एच0आई0–02<br>एल0डी0–04<br>वी0आई0–02<br>एम0डी0–07<br>**कुल– 26** |
| 4 | दिव्यांगजनों के अभिभावकों के लिए देखभाल करने हेतु जागरूकता | 01.04.2025 से 31.03.2026 | अभिभावकों के लिए देखभाल हेतु बैठकों के माध्यम से जागरूकता | राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों के 20 अभिभावक |

3. **मौसम परियोजना:–**

संस्थान द्वारा पानी संस्थान फैजाबाद के सहयोग से विकास खण्ड जामों, जनपद अमेठी की ग्राम पंचायत हरगांव, घाटमपुर, राजामऊ, बघैया कमालपुर एवं अहद में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जलवायु अनुकूलन कृषि पद्धतियों को अपनाकर वैज्ञानिक तरीके से अधिक कृषि उत्पादन हेतु लोगों को प्रशिक्षत कर जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

4. **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम:–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर के ग्राम कैमा, माहेमऊ, इमलीगांव में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें स्वास्थ्य शिक्षा, विभिन्न बीमारियों के प्राथमिक एवं घरेलू उपचार, देशी दवाओं के उपयोग के बारे में जानकारी, परिवार नियोजन की प्राकृतिक विधियां, स्वच्छता, पौष्टिक आहार, मातृ एवं शिशु देखभाल तथा स्तनपान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

Gramin Pragati Sansthan
Secretary

5. **फल संरक्षण प्रशिक्षण :–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर एवं शुकुलबाजार से चयनित 30–30 महिलाओं को फल संरक्षण के विभिन्न पद्धतियों जैसे आचार, मुरब्बा, जैम, जैली, स्वास आदि बनाने पर प्रशिक्षण दिया गया और स्वरोजगार स्थापित कराने में सहयोग किया गया।

6. **कृषि विकास कार्यक्रमः–**

संस्था द्वारा कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों का सहयोग प्राप्त करके ग्राम अहद, घाटमपुर, रेसी में कृषकों के लिए उन्नतशील एवं तकनीकी कृषि प्रबन्धन विषय पर गोष्ठी का आयोजन कराया गया और गोष्ठी के माध्यम से कृषकों को जागरूक किया गया।

7. **स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम :–**

संस्था द्वारा ग्राम कमरौली, कठौरा एवं उतेलवा में एक–एक दिवसीय जागरूकता गोष्ठी के माध्यम से लोगों को निजी एवं घरेलू तथा पास पड़ोस की सफाई द्वारा प्रदूषण नियंत्रण करके विभिन्न बीमारियों से बचाव स्वच्छ पेयजल का प्रयोग, दूषित भोजन, सड़े गले फलों एवं खाद्य सामग्री से परहेज एवं खुले में शौंच न जाने हेतु लोगों को जागरूक किया गया।

8. **उद्यमिता विकास प्रशिक्षणः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर व जामों के 15–15 युवाओं की पहचान करके उन्हें तीन–तीन दिवसीय दो ग्रुप में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं द्वारा चयनित उद्यमों में स्वरोजगारी बनाने हेतु जिला उद्योग केन्द्र से रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन कराया गया एवं वित्तीय संस्थानों से वित्तीय सहायता दिलाकर उन्हें स्वरोजगारी बनाने का प्रयास किया गया।

9. **जन्म समारोहः–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड जामों के ग्राम पंचायत हरगांव में महात्मा गांधी का जन्म समारोह आयोजित किया गया। डा0 भीमराव अम्बेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा समाज के विकास के लिए किए गये कार्यों के प्रति लोगों को अवगत कराया गया।

Gramin Pragati Sansthan
Secretary
Distt.-Amethi

10. **सड़क सुरक्षा जागरूकता:–**

संस्था द्वारा विकास खण्ड जगदीशपुर, जनपद अमेठी के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में पोस्टर, पम्प्लेट वितरण, बैनर, दीवाल लेखन तथा गोष्ठीयों के माध्यम से स्थानीय विभिन्न प्रकार के वाहन चालकों, विद्यार्थियों एवं आम जनों को जागरूक किया गया।

11. **हस्त शिल्प विकास:–**

विकास खण्ड जामों की ग्राम पंचायत राजामऊ में 30 महिलाओं को जरी जरदोजी क्राफ्ट में 3 माह का प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंक द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर स्वरोजगार में नियोजित कराने का प्रयास किया गया।

हमारी संस्था द्वारा आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम अत्यन्त सफल रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता में संस्था के पदाधिकारियों, सदस्यों व कर्मचारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी भावनाओं वाले युवाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। सभी लोगों ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की। ऐसे ही अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों के आयोजन की जनता द्वारा मांग की गयीं इस प्रकार हमारी संस्था अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों की प्राप्ति में निरन्तर अग्रसर है।

Ram Prakash

Gramin Pragati Sansthan
Secretary
Distt.-Amethi

# जी0पी0एस0 घरौंदा केन्द्र, हरगांव, जनपद–अमेठी
# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




क्रीड़ा एवं मनोरंजन करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन



क्रीड़ा करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन

# जी0पी0एस0 घरौंदा केन्द्र, हरगांव, जनपद–अमेठी
# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी



चिकित्सीय परामर्श प्राप्त करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन




योगाभ्यास करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन

# जी0पी0एस0 घरौंदा केन्द्र, हरगांव, जनपद–अमेठी
# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




चिकित्सीय  परामर्श प्राप्त करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन



शिक्षण–प्रशिक्षण कार्य करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन

# जी0पी0एस0 घरौंदा केन्द्र, हरगांव, जनपद–अमेठी
# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन




मनोरंजन करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन

# जी0पी0एस0 घरौंदा केन्द्र, हरगांव, जनपद–अमेठी
# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी




मोमबत्ती निर्माण करने की विधि प्राप्त करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन



फिजियोथेरेपी करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन

# जी0पी0एस0 घरौंदा केन्द्र, हरगांव, जनपद–अमेठी
# ग्रामीण प्रगति संस्थान, अमेठी



फिजियोथेरेपी करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन




मोमबत्ती निर्माण करते हुए घरौंदा निवासी दिव्यांगजन